RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 77 • 02:04:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## पहली बार भारत का रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ का रक्षा निर्यात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश का रक्षा निर्यात पहली बार बेतहाशा बढ़ा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर देश की एक बहुत बड़ी सफलता की घोषणा कर बताया कि भारत ने 84 देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेचकर यह चमत्कारिक लगने वाला लक्ष्य हासिल किया है। इस दिशा में सिर्फ एक वित्त वर्ष में 32.5 प्रतिशत का उछाल आया है।

### • भारत ने किया 21,083 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करके बताया कि भारत ने एक बड़े रक्षा आयातक देश से एक बड़े रक्षा निर्यातक देश बनने की दिशा में अहम कदम ले लिया है। भारत ने पहली बार वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने कई ऐसे कदम उठाए जो इस रूप में फलीभूत हुए।

### रूस, इजरायल समेत 84 देशों को बेचे उत्पाद



**50 कंपनियों ने दिया अहम योगदान-** उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात बढ़ाने के लिए न सिर्फ भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र को प्रेरित किया गया बल्कि तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। इससे सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए उत्साहजनक वातावरण बन गया है। भारत के रक्षा निर्यात की इस सफलता की कहानी को अंजाम तक पहुंचाने में करीब 50 भारतीय कंपनियों ने अहम योगदान दिया है।

- **एएलएच हेलीकॉप्टर, कोस्टल सर्विलांस सिस्टम, कवच आदि का निर्यात-** भारत के रक्षा निर्यातक भौगोलिक रूप से विश्व के कोने-कोने तक अपनी पहुंच बना चुके हैं।

देश के निर्यात किए उत्पाद इटली, मालदीव, श्रीलंका, रूस, यूएई, पोलैंड, फिलीपींस, सऊदी अरब, मिस्र, इजरायल, स्पेन, चिली समेत कई अन्य देशों तक पहुंच रहे हैं। भारतीय रक्षा उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है।

- **अंतरराष्ट्रीय खरीददारों में भारतीय उत्पादों को लेकर विशेष रुचि-** सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को वैश्विक स्वीकृति मिल चुकी है। जिन भारतीय रक्षा उत्पादों का अधिकाधिक निर्यात किया जा रहा है, उनमें निजी सुरक्षा उपकरण, आफशोर पेट्रोल व्हिकिल, एएलएच हेलीकॉप्टर, एसयू एवियानिक्स, कोस्टल सर्विलांस सिस्टम, लाइट इंजीनियरिंग मैकेनिकल पार्ट्स, कवच एमओडी अन्य कई रक्षा उपकरण शामिल हैं। इन अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों और तकनीकों के चलते अंतरराष्ट्रीय खरीददारों की भारतीय उत्पादों में विशेष रुचि है।

## आज कोटपूतली आएंगे पीएम मोदी

### जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से करेंगे चुनावी सभा की शुरुआत

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के कोटपूतली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी की यह पहली चुनावी सभा होगी। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिन राजस्थान में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। पीएम मोदी मंगलवार दोपहर 2:45 बजे कोटपूतली के मोलाहेड़ा स्थित एकलव्य डेंटल कॉलेज के पास सभा को संबोधित करेंगे। पीएम दोपहर 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 2:35 पर हेलिकॉप्टर से कोटपूतली के लिए रवाना होंगे।

### दिल्ली शराब घोटाला

## तिहाड़ की जेल नंबर दो में रखे जाएंगे सीएम केजरीवाल

**• 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजे गए • ईडी बोली- दिल्ली सीएम ने बताया कि विजय नायर आतिशी-सौरभ को रिपोर्ट करता था**

**• ये जो कर रहे हैं, ये ठीक नहीं है : केजरीवाल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की शराब आबकारी नीति केस में सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं?

एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं। हम बाद में इनकी ईडी कस्टडी की मांग करेंगे। ये हमारा अधिकार है। इसके बाद कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कोर्ट से कहा- अरविंद केजरीवाल को जेल में 3 किताबें दी जाएं- गीता, रामायण और नीरजा चौधरी की बुक हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड।

दूसरा मामला केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआईएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी।

## एक्टर से सांसद बने अनुभव मोहंती भाजपा में हुए शामिल

### बीजेडी से दिया था इस्तीफा, बोले- घुटन महसूस कर रहा था

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीजद के लोकसभा सांसद अनुभव मोहंती ओडिशा में सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ने के कुछ दिनों बाद सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए, उन्होंने



कहा कि वह वहां 'घुटन' महसूस कर रहे थे। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए, इसके राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष एक साथ आकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सफल नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने नेता से कोई शिकायत नहीं है। मेरे भाजपा में शामिल होने का कारण यह है कि हमारा देश जिस गति से विकास कर रहा है। भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस से 3500 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड

**• सुप्रीम कोर्ट में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा- लोकसभा चुनाव तक कोई एक्शन नहीं लेंगे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (1 अप्रैल) को कांग्रेस के 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विभाग कांग्रेस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगा। हम चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में हुई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की दलील के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केस की अगली सुनवाई जुलाई के लिए तय कर दी है। बेंच ने यह भी कहा कि 3500 करोड़ रुपए की मांग का इन अपीलों से कोई संबंध नहीं।

### कांग्रेस सीईसी की बैठक हुई, सोनिया-खड़गे मौजूद रहे

## तेलंगाना के उम्मीदवारों की लिस्ट आ सकती है; अब तक 212 कैंडिडेट्स का ऐलान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सोमवार (1 अप्रैल) को तेलंगाना के प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। कांग्रेस मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, केसी वेणुगोपाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत कई कांग्रेस नेता शामिल रहे। यह पार्टी की दसवीं लिस्ट होगी। कांग्रेस अब तक देशभर में 212 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इसके पहले 29 मार्च को कांग्रेस ने नौवीं लिस्ट का ऐलान किया था। इसमें राजस्थान के 2 कैंडिडेट के नाम बदले गए और कर्नाटक से 3 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया था।

### लोकसभा चुनाव 2024

## भाजपा की चुनाव घोषणा समिति की पहली बैठक

### • 2047 तक 'विकसित भारत' के रोडमैप पर चर्चा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही तमाम राजनीतिक दलों में घोषणा पत्र को लेकर कवायद तेज हो गई है। भाजपा ने 30 मार्च को चुनाव घोषणापत्र समिति का ऐलान किया था, जिसके अध्यक्ष भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सोमवार को भाजपा की चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत'




एजेंडे का रोडमैप केंद्र में रहा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होने हैं।

**बैठक में विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा- गोयल-** बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र के लिए लोगों की भागीदारी पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके विश्वास और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है।

## व्यासजी तहखाने में पूजा होती रहेगी...

### सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार, जुलाई में होगी सुनवाई

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने मस्जिद परिसर के अंदर हिंदुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ ने पीठ के हवाले से कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा नमाज़ निर्बाध रूप से पढ़ी जाती है और हिंदू पुजारी द्वारा पूजा की पेशकश तहखाना के क्षेत्र तक ही सीमित है, इसलिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए।



सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में 'नमाज़' बिना किसी बाधा के पढ़ी जाती है, और हिंदू पुजारी द्वारा 'पूजा' की पेशकश तक ही सीमित है। 'तहखाना' के क्षेत्र में दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है।

अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की एक नई याचिका पर विचार किया, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा गया था।

### • एमपी भोजशाला में चल रहे सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट का 'वैज्ञानिक सर्वे' पर रोक लगाने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर के चल रहे 'वैज्ञानिक सर्वे' पर रोक लगाने से मना कर दिया। हालांकि कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसी कोई खुदाई नहीं की जाएगी, जिससे भोजशाला के स्ट्रक्चर में बदलाव हो। अदालत ने आगे आदेश दिया कि उसकी अनुमति के बिना एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### अमित शाह बोले-

## मोदी ने नेताओं को राजनीति करना सिखाया

### • जोधपुर सहित 4 सीटों पर जीत के डिटेल प्लानिंग दी है, थोड़ी कठिन है

**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रचार का बिगुल फूंक दिया। शाह ने जोधपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि जोधपुर, बाड़मेर, पाली और जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर जीत के लिए डिटेल प्लान मैंने दे दिया है। इस प्लान को लागू करना कठिन है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता ऐसे काम कर लेते हैं। शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस हाईकमान पर हमला बोलते हुए कहा कि गहलोत अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। इन्हें आम लोगों की चिंता नहीं है। इससे पहले अमित शाह ने चार लोकसभा सीट की कोर कमेटी की बैठक में हर बूथ पर भाजपा को जीत दिलाने के टारगेट दिए।



## पीएम मोदी बोले: 100 दिन बिजी हूं, आप सोच कर रखिए...

**• 2014 में बैंकिंग सिस्टम डूबने की कगार पर था • अब ये प्रॉफिट में, पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है • 90 रुपए का स्मारक सिक्का लॉन्च किया**

**मुंबई (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) आज अपनी 90वीं एनिवर्सरी मना रहा है। इस मौके पर मुंबई में आयोजित स्मृति समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, साल 2014 में भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। आज ये बैंकिंग सिस्टम प्रॉफिट में हैं।

पीएम ने ये भी कहा कि हमें देखना होगा कि अलग-अलग सेक्टर्स को फाइनेंशियली सपोर्ट करने के लिए हमारी क्या तैयारी है? अभी 100 दिन मैं चुनाव में बिजी हूं, तो आपके पास भरपूर समय है। आप सोचकर रखिए, क्योंकि शपथ लेने के दूसरे दिन ही झमाझम काम आने वाला है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ 90 रुपए का स्मारक सिक्का भी लॉन्च किया। ये सिक्का 99.99 प्रतिशत शुद्ध चांदी से



बना है। इसका वजन 40 ग्राम है। ये सिक्का नौ दशकों के आरबीआई के समृद्ध इतिहास और उपलब्धियों का प्रतीक है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 90 रुपए का स्मारक सिक्का लॉन्च किया।

**शपथ लेने के दूसरे दिन ही झमाझम काम आने वाला है-** पीएम मोदी ने कहा- 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत महत्व रहने वाला है। इसलिए हमने अंतरिम बजट में इनोवेशन के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का रिसर्च फंड बनाया है। 'कटिंग एज टेक्नोलॉजी' पर जो प्रपोजल आएंगे, जो लोग इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, हम उनके लिए कैसे प्रीपेयर हों, ये सोचना बहुत आवश्यक है। और आरबीआई को अभी से सोचना चाहिए कि वो कैसे उनकी मदद करेगा। इसी तरह स्पेस सेक्टर ओपन हो रहा है, इसमें नए-नए स्टार्टअप आ रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

## कहलगांव : 25 हजार का इनामी टीना महतो गिरफ्तार

**भागलपुर /कहलगांव, एजेंसी।** भागलपुर-मुंगेर जिले का कुख्यात अपराधी टीना महतो उर्फ श्रीकांत सिंह उर्फ भृगेना सिंह को रसलपुर थाने की पुलिस ने बरियारपुर से गिरफ्तार किया है। टीना महतो पर रसलपुर थाना क्षेत्र में 2013 में एकचारी महगामा पथ पर खोजवा पोखर के समीप बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों में डकैती करने का आरोप है। वह 2013 से पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। रविवार को प्रेसवार्ता कर कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने बताया कि एसएसपी भागलपुर ने जिले के इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। टीम कई दिनों से लगातार उसका पीछा कर रही थी। वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, लेकिन पुलिस की चौक चौबंद किलेबंदी के कारण बरियारपुर से 25 हजार रुपये का इनामी टीना महतो शनिवार की रात में दबोच लिया गया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि टीना महतो पर डकैती, लूट, दुष्कर्म और आर्म्स एक्ट के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि भागलपुर और मुंगेर जिले की पुलिस को इसकी काफी समय से तलाश थी। टीना महतो के अपराधिक इतिहास का पता विभिन्न थाना से लगाया जा रहा है। इस अभियान में टीम में एसडीपीओ शिवानंद सिंह, एसडीपीओ टु डॉ. अर्जुन कुमार गुप्ता, के अलावा रसलपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, डीआईयू प्रभारी रंजीत कुमार, धनंजय कुमार, डीआईयू के प्रभात कुमार, एजाज रिजवी, सिपाही बच्चन राम, अभिमन्यु सिंह, रजनीश कुमार के अलावा सीआईएटी टीम शामिल रही।

## पीरपैंती : मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**भागलपुर /पीरपैंती, एजेंसी।** बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने रविवार को लोकसभा चुनाव की तैयारी कर मद्देनजर बूथों का निरीक्षण कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्यालापुर, राजगांव व राजगांव अराजी पंचायत के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि जो भी कुछेक त्रुटि पाई गई उसके लिए सेक्टर पदाधिकारी को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मधुरा सीमानपुर व गोराडीह में मतदान केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया तथा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने कहा।

## शाहकुंड के बालाचौकी में सिलिंडर विस्फोट से चार घर जले

**भागलपुर /शाहकुंड, एजेंसी।** प्रखंड के खुलनी पंचायत अंतर्गत बालाचौकी गांव में रविवार शाम सात बजे चूल्हे पर खाना खाना बनाने के दौरान आग लग गई। गांव के उधो मंडल के घर में गैस सिलिंडर विस्फोट से आग लगने से बगल के कैलाश मंडल, शोभा देवी और रोशन मंडल का घर का अनाज, कपड़ा और नकदी जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस बल व अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। तब ग्रामीणों और दमकल ने आग पर काबू पाया गया। परिवारवालों ने कहा कि शरीर पर जो वस्त्र है, वही बचा है, बांकी सब बर्बाद हो गया। इसे लेकर थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

## अत्याचार बढ़ने पर जन्म लेते हैं प्रभु

**भागलपुर /सुल्तानगंज, एजेंसी।** पैन गांव में आयोजित सप्त पारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन कथावाचिका ज्योति मानस मंजरी ने श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते कहा कि द्वापर युग के अंत में मथुरा के महाराजा कंश के कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण उस प्रकार प्रकट हुए जैसे पूर्व दिशा में पूर्णिमा की रात्रि में पूर्ण चंद्रमा प्रकट होता है। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान कृष्ण एवं वासुदेव की झांकी देखकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गये। मुग्ध रह गए। मौके पर महिला पुरुषों ने नंदोत्सव पर जमकर नृत्य करते झुमा।

# जनता से पहले भगवान की शरण में रोहिणी-मीसा हरिहरनाथ मंदिर में लालू-राबड़ी संग की पूजा

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। चुनावी मैदान में उतरने से पहले वो भगवान की शरण में हैं। आज रोहिणी आचार्य सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंची। यहां पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती के साथ पूजा-अर्चना की।

इस बार लालू परिवार से दो बेटियों के चुनाव लड़ने की खबर है। मीसा भारती को पाटलिपुत्र से लालू यादव ने सिंबल दे दिया है। रोहिणी सारण लोकसभा सीट से लड़ने की तैयारी कर रही हैं। रोहिणी की जो तैयारी है वो भी इसी ओर इशारा कर रही है। रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया के जरिए खुद इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने पहले सोनपुर में हरिहरनाथ की पूजा करने की बात की। साथ ही कल मंगलवार को सारण में जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही है।

### रोहिणी का पहला चुनावी अभियान

रोहिणी आचार्य का यह पहला चुनावी अभियान है। रोहिणी आचार्य के चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। सारण वही सीट है, जहां से लालू यादव ने अपना आखिरी चुनाव लड़ा था। अब



इसी सीट से रोहिणी आचार्य चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी हैं। रोहिणी ने ही अपनी किडनी अपने पिता लालू यादव को दी है। इधर, लालू परिवार के आने को लेकर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस मौके पर लालू की बेटी रोहिणी को सारण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर राजद समर्थकों ने स्वागत किया।

### पाटलिपुत्र से लड़ने वाली हैं मीसा भारती

बता दें कि रोहिणी आचार्य के साथ-साथ लालू ने अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती को पाटलिपुत्र सीट से चुनाव लड़ा रहे हैं। मीसा भारती पहले भी इस सीट से दो बार चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि दोनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### हरिहरनाथ मंदिर से लालू परिवार का पुराना लगाव

बता दें कि लालू परिवार को सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ से काफी लगाव रहा है। इससे पहले कई दफे उन्होंने पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना भी की है। मंदिर के पुजारी सदानंद पांडे ने बताया कि कि लालू प्रसाद यादव जेपी आंदोलन के समय से ही बाबा हरिहरनाथ मंदिर आ रहे हैं। वह जब इसी क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़े थे, उससे पहले नामांकन के समय बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा की थी और चुनाव जीत भी गए थे। इस समय से ही लालू को यहां से काफी लगाव हो गया था।

## आग से घर का सभी सामान जलकर नष्ट

**भागलपुर /सबौर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के हरका पंचायत स्थित इंग्लिश चाय टोला वार्ड नंबर 10 में रविवार की देर शाम खाना बनाने के दौरान अचानक आग लगने से घर में रखे खाने-पीने से लेकर सभी कपड़े सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गये। आग की लपेट देखकर आसपास के ग्रामीण आग बुझने लगे। हालांकि अग्निशमन पुलिस की गाड़ी को सूचना दी गई थी तब तक ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था। पीड़ित कंचन देवी ने बताया कि खाना बनाते समय आग लग गयी। इस संबंध में सबौर थानाध्यक्ष विवेक कुमार जयसवाल ने कहा कि आग लगने की सूचना मिली थी पुलिस गई थी आग बुझा दिया गया। सबौर सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन करवाकर जो भी सरकारी अनुदान होगा उसे पीड़ित को दिलवाया जाएगा।



## सिलेंडर में आग लगने से दो घर जले:1 घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग

सुपौल, एजेंसी। सुपौल जिले के राघोपुर प्रखंड स्थित दौलतपुर वार्ड-1 में आग लगने से एक परिवार के दो घर जल गए। इस अग्निकांड में तीन मवेशी भी झुलसे हैं। करीब 1 घंटे के बाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि बलराम मेहता के घर आग लग गई। जब वो गैस सिलेंडर से रिफिल कर रहे थे। तभी अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग इतनी भयानक हो गई कि बलराम मेहता के दो घरों में आग लग गई। इस बीच तीन मवेशी और एक ऑटो भी चपेट में आ गया।

**दो बकरी और एक गाय झुलस गई :** दो बकरी और एक गाय बुरी तरह आग में झुलस कर जख्मी हो गईं। ऑटो का आधा हिस्सा जल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण असफल रहे।

वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को भी ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी तो मौके पर प्रतापगंज से फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। इस अग्निकांड में करीब करीब दो लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ। राघोपुर अंचला अधिकारी रश्मि प्रिया ने कहा कि मामले में राजस्व कर्मचारी सर्वे कर रिपोर्ट देंगे और सरकारी प्रावधान के अनुसार ही पीड़ित को हर संभव मदद की जाएगी।

## बिहार में कांग्रेस को झटके पे झटका, अनिल शर्मा के बाद प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने दिया इस्तीफा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 का सियासी जंग जोड़ों पर है। पहले और दूसरे चरणों के चुनावों का आगाज हो चुका है। इस बीच कांग्रेस पार्टी को झटके पर झटका लगता दिख रहा है। पार्टी की अंदरूनी राजनीति और टिकट बंटवारे से नाराज एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आसित नाथ तिवारी ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। इससे पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने रविवार को कांग्रेस को बाय-बाय कर दिया।

असित नाथ तिवारी ने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को भेज दिया है। उन्होंने इसके पीछे कोई खास कारण नहीं बताया है। कहा है कि नितांत व्यक्तिगत वजह से पार्टी की जिम्मेदारी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितने दिनों तक कांग्रेस में रहा, काफी बेहतर अनुभव हासिल किया। सभी पार्टी जनों का सहयोग मिला। पार्टी छोड़ते हुए उन्होंने किसी भी नेता पर कोई आरोप



नहीं लगाया है। 2020 के लोकसभा चुनाव में असित तिवारी कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें प्रवक्ता पर की जिम्मेदारी दी थी।

असित नाथ तिवारी का त्यागपत्र कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ा झटका है क्योंकि जितनी मजबूती से वह मीडिया में या अन्य मंचों पर अपनी पार्टी को डिफेंड करते थे वैसे नेताओं की कमी है। असित नाथ तिवारी ने अपना अगला कदम नहीं बताया है हालांकि इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने पार्टी छोड़ी तो बीजेपी में चले गए। वे आजकल कांग्रेस पर जमकर हमलावर रहते हैं। इससे पहले रविवार को बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव के समय बिहार में कांग्रेस नेताओं का पार्टी से मोहभंग होना पार्टी के लिए खतरनाक संकेत है। दरअसल अनिल शर्मा अनदेखी से नाराज हैं। उन्हें काफी समय से संगठन में कोई बड़ा पद नहीं मिला। उन्होने महागठबंधन में रहते हुए जातीय गणना के आंकड़ों पर सवाल उठाए थे। अनिल शर्मा ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि 1998 में जब से आरजेडी का कांग्रेस से गठबंधन हुआ तब से इस गठबंधन का विरोध करता आ रहा हूं। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन करना आत्मघाती कदम है। लालू यादव के कारण कांग्रेस बिहार में वोट कटवा पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहते मैं पप्पू यादव का विरोध करता था। वह कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। अब उनका भी महिमामंडन करना पड़ेगा जो दुखद है। मजबूर होकर इस्तीफा दे दिय।

### सबौर : बैंक से महिला का पैसा उड़ाने की जांच शुरू

**भागलपुर /सबौर, एजेंसी।** स्टेट बैंक शाखा सबौर से एक महिला का पैसा गिनती करने के दौरान उड़ाने के मामले में पुलिस आरोपी की पहचान में जुट गई है। सबौर पुलिस बैंक से महिला का स्टेटमेंट, सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारियां प्राप्त कर रहे है।




## दवाओं की कीमतें 20 प्रतिशत तक बढ़ी, कईबीमारियों का इलाज हुआ महंगा

**पटना, एजेंसी।** ब्लड प्रेशर, माइग्रेन, पेट और हार्ट से जुड़ी बीमारियों की दवाओं के लिए मरीजों को और जेब ढीली करनी होगी. क्योंकि जरूरी दवाओं की कीमतों में इजाफा कर दिया गया है. इसमें पेन किलर्स से लेकर एंटीबायोटिक तक शामिल हैं. कंपनियों की मनमानी से करीब एक दर्जन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ नये बैच की दवाएं भी मार्केट में भेजी जा रही हैं. हालांकि नयी कीमत की दवाएं एक अप्रैल से लागू होंगी. जानकारों की मानें तो दवा कंपनियों को एनुअल होलसेल प्राइस इंडेक्स में बदलाव के कारण दवाओं की कीमत में बढ़ोतरी हुई है. कुल 10 से 12 फीसदी तक दवा के रेट में इजाफा करने का निर्णय लिया गया है.

**अस्थमा, खांसी व सांस लेने वाली दवा की कीमतों में इजाफा :** माइग्रेन की दवा नेक्स्डॉम की कीमत में प्रति स्ट्रिप 15 रुपये का इजाफा हुआ है. अस्थमा, खांसी, सांस लेने में दिक्कत में दी जाने वाली दवा ऐसीफ्लो 250 ट्रांसकैप्स की प्रति स्ट्रिप की कीमतों में 47 रुपये की वृद्धि हुई है. इसी तरह पेट दर्द की दवा टेलसार्टन सिटी की प्रत्येक स्ट्रिप में 53 रुपये का इजाफा हुआ है. ओफ्लोक्स ओजेड एंडीबैक्टीरियल दवा है, इसकी कीमत में 16 रुपये प्रति स्ट्रिप की वृद्धि हुई है. जबकि इन सभी दवाओं की कीमतों में डेढ़ महीने पहले 10 प्रतिशत का इजाफा किया गया था. बिहार रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव संजय भदानी ने कहा कि दवा कंपनियां अधिकतम 10 प्रतिशत कीमत साल में एक बार बढ़ा सकती हैं. लेकिन वे कई बार कीमतें बढ़ा रही हैं, इससे भ्रम होता है. वहीं बिहार ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन के प्रशासनिक सचिव तरुण कुमार सिंह ने कहा कि होल सेल प्राइस इनडेक्स का सरकार की ओर से हर साल रिव्यू होता है. इसके तहत 10 से 12 फीसदी तक दवाओं के दाम में वृद्धि होती है. बढ़ी हुई कीमत एक अप्रैल से लागू होगी.

## डबल मर्डर केस में माले के 2 विधायकों समेत 10 आरोपी बरी, सीवान के चिलमरवा कांड में 11 साल बाद फैसला



**पटना, एजेंसी।** चिलमरवा हत्याकांड में माले के दो विधायक सहित आठ आरोपितों को सुनवाई के बाद साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। तृतीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश सह एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायधीश नरेन्द्र कुमार की अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया।इसके पहले न्यायालय ने इस कांड की सुनवाई करने के बाद फैसले की तिथि 30 मार्च निर्धारित की थी। इस कांड में भाकपा माले के दरौली विधायक सत्यदेव राम, जीरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा समेत अन्य को आरोपित किया गया था। अदालत में करीब दो बजे निर्णय सुनाया गया। गौरतलब है कि 6 जुलाई 2013 को चिलमरवा हत्याकांड हुआ था। इसमें बलौर गांव के राजनारायण सिंह उर्फ राजू सिंह व सोहगरा निवासी मुकेश सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी। जबकि, विशवार गांव के घनश्याम मिश्रा जख्मी हो गए थे। इसमें बेलौर गांव निवासी व मृतक राजू सिंह के पिता अमर सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई थी। दरौली विधानसभा के विधायक सत्यदेव राम, जीरोदेई के माले विधायक अमरजीत कुशवाहा, विश्राम मांझी, लोरिक राम, दिनेश राम, उदय भान राम, रामकिशुन राम उर्फ बेंगा व छोटे लाल शर्मा समेत अन्य को आरोपित किया गया था। गुठनी थाना क्षेत्र के चिलमरावा गांव में 06 जुलाई 2013 को हुए दोहरे हत्याकांड में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी- एमएलए कोर्ट के जज नरेन्द्र कुमार की अदालत में शनिवार को फैसला सुनाया गया। बहुचर्चित हत्याकांड मामले में आरोपित दो माले विधायक सहित आठ आरोपितों पर फैसला को सुनने के लिए सुबह से ही कोर्ट परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं की गहमा गहमी रही। दूसरे पक्ष के लोग भी फैसले को लेकर कोर्ट परिसर पहुंचे थे। वहीं, दोपहर के करीब 01 बजे दोनों माले विधायक अमरजीत कुशवाहा व सत्यदेव राम कोर्ट में पहुंचे। बाहर खड़े समर्थकों की भीड़ न्यायालय की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए थी। हालांकि दूरी होने के कारण कुछ स्पष्ट नहीं सुनाई दे रहा था। बावजूद इसके चेहरे के हावभाव से सभी कयास लगाते रहे। काफी इंतजार के बाद दोपहर के करीब दो बजे के बाद न्यायालय द्वारा दोषमुक्त का फैसला सुनाने के बाद कोर्ट परिसर में मौजूद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। कोर्ट परिसर के बाहर दोनों माले विधायकों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, विधायक भी कोर्ट के निर्णय से काफी खुश दिखे और दोनों हाथ जोड़कर लोगों को नमन करते दिखे। वहीं, कार्यकर्ता तालियां बजाकर स्वागत करते रहे। दरौली से माले विधायक सत्यदेव राम ने कहा कि न्यायालय पर पहले से ही भरोसा था और न्यायालय ने आज न्याय दिया है। इससे न्यायालय पर सभी का विश्वास और बढ़ेगा। वहीं जीरादेई माले विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि चिल्मरवा कांड में राजनीतिक साजिश के तहत हमें फंसाया गया था। लेकिन न्यायालय पर हमें पूरा भरोसा था। इसका परिणाम रहा कि कोर्ट ने आज हम सभी को न्याय देते हुए रिहा कर दिया।

# आरा में फाइनेंस कर्मी को मारी 9 गोलियां, मौत :सिर में लगी 6 बुलेट

### ऑफिस से घर जा रहा था; 3 बदमाशों ने किया हमला

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में एक युवक को बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। उसे करीब से 9 गोलियां मारी गई हैं। जिनमें से 6 सिर में, एक गोली प्राइवेट पार्ट्स के पास और दो गोली बाएं साइड गर्दन में मारी गई है। जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में रविवार को डुई। जहां बाइक से आए तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी पर हमला किया। मृतक की पहचान भेल डुमरा गांव निवासी शंकर सिंह के बेटे मुकेश कुमार ( 23 ) सिंह के रूप में हुई है। वह आरा शहर के कतीरा स्थित फाइनेंस कंपनी में डीसीए ( कलेक्शन बॉय ) के तौर पर करीब एक साल से काम कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। पुलिस ने घटनास्थल से नौ खोखा और एक मोबाइल भी बरामद किया है। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सारंगपुर गांव के थोड़ा पहले स्वास्तिक ईट भट्ठा के पास एक व्यक्ति को गोली मारने की सूचना स्थानीय पुलिस को प्राप्त होती है। सूचना प्राप्त होते ही थाना गश्ती, थानाध्यक्ष और अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पता चलता है कि भेल डुमरा के रहने वाले मुकेश कुमार सिंह पिता शंकर सिंह को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के द्वारा सिर में गोली मार दी गई। जिसके बाद में पुलिस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।।

घटना के कारण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे और अन्य स्रोत से सूचना इकट्ठा करके घटना के खुलासे की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम ने कार्य आरंभ कर दिया है।

### दूसरे गांव के लड़कों के साथ हुआ था झगड़ा

इधर, मृतक के पिता शंकर सिंह ने बताया कि उनके गांव एवं दूसरे गांव के लड़कों से एक वर्ष पूर्व झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर उस समय दूसरे गांव के लड़के द्वारा उनके बेटे को धमकी दिया गया था कि मैं तुम्हें देख लूंगा। हालांकि बाद में बात खत्म हो गई थी। मृतक अपने कतीरा स्थित बजाज फाइनेंस कार्यालय में था उस समय पिता की फोन पर उससे बात भी हुई थी तब उसने कहा था कि मैं अभी ड्यूटी पर हूं कुछ देर में घर लौट आऊंगा। प्रतिदिन की भांति जब वह कलेक्शन का पैसा आरा शहर के कतीरा स्थित बजाज फाइनेंस कार्यालय में जमा कर बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान सारंगपुर गांव स्थित स्टेट बोरिंग के समीप उसका पीछा कर रहे अपाची बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने उसके बाइक को रुकवाया। इसके बाद गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी। घटना को



अंजाम देने के बाद बाइक सवार तीनों अपराधी हथियार लहराते हुए भाग निकले। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं, दूसरी और मृतक के पिता ने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का आरोपीय आशंका नहीं बताया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखे नकाबपोश अपराधी

प्राप्त जानकारी के अनुसार उस रास्ते में एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है कि व्हाइट कलर के अपाची बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने उसके बाइक का पीछा किया है। जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि मृतक अपने एक भाई और एक बहन में बड़ा था एवं अपनी मां-बाप का इकलौता चिराग था। मृतक की छोटी बहन की शादी 28 नवंबर वर्ष 2020 में हुई थी। मृतक के परिवार में मां चंपा देवी एवं एक बहन रौशनी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां चंपा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 अप्रेल को गुरुकुल कोचिंग में अम्बेडकर जयंती सह मेला हेतु बैठक



**बखरी बेगुसराय।** रविवार शाम को बखरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राटन पंचायत के बगरस चौक पर गुरुकुल कोचिंग में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती सह मेला आयोजन कार्यक्रम को लेकर शिक्षा प्रेमियों की एक बैठक आहुत की गई ।बैठक में यह निर्णय लिया गया की 14 अप्रैल को प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा जो अंबेडकर चौक बखरी में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बाजार के मुख्य सड़कों से गुजरते हुए मेला स्थल अभुआर ग्राम तक जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभी भी शिक्षा से वंचित, शोषित, पीड़ित लोगों में जागृति लाना है, जिसके लिए बाबा साहब ने आजीवन संघर्ष करते हुए जब उन्हें मौका मिला भारत का संविधान लिखकर उन्होंने तमाम शोषित,पीड़ितों सहित समाज के हर तबके के लोगों को समानता का अधिकार दिया और सभी को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। आज भी बहुत सारे लोग बाबा साहेब के विचारों से अनभिज्ञ हैं उन लोगों में बाबा साहब के प्रति जागृति लाने ,शिक्षा के प्रति जागरूक होने को लेकर यह मेला का आयोजन किया जा रहा है । सर्वसम्मति से लोगों ने काफी जोड़ खरोस के साथ मेला को सफल बनाने का निर्णय लिया। मौके राटन पंचायत के उप मुखिया अजीत कुमार महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह लोजपा (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, पूर्व मुखिया सह भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोजिनी भारती, सामाजिक कार्यकर्ता कपिल देव गुप्ता ,भवेश कुमार पासवान, अमरजीत कुमार महतो, शिक्षक नागेश्वर महतो, अशोक महतो, अंबेडकर फूले विचार मंच सह मेला अध्यक्ष कैलाश सदा, मेला समिति सचिव सह अर्जक संघ जिला अध्यक्ष रामचरण महतो ,मेला कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, जीविका दीदी पुनीता देवी, सुनीता देवी, नेहा देवी, ललिता देवी, कुमकुम कुमारी, अजीत कुमार पासवान, विनय महतो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता माननीय सहदेव महतो जी कर रहे थे।सर्वसम्मति से 14 अप्रैल की संध्या को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर अपने-अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।

### एक स्कॉर्पियो लावारिस हालत में बरामद



**बरौनी/ बेगूसराय।** गुप्त सूचना पर बरौनी थाना क्षेत्र के पिपरा देवस पंचायत से थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक उजला कलर का स्कॉर्पियो लावारिस हालत में पिपरा चौक पर से बरामद की। रविवार की रात्रि 1:00 बजे गश्ती की गाड़ीP.T.C. सुभाष कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचकर गाड़ी की जांच की गई। स्कॉर्पियोकानंबर B.R.0.I.P.G.3091 है। जिसे बरौनी थाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।गाड़ी की जांच शुरू कर दी गई है।

### दो देसी कट्टा दो कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार भेजे गए जेल



**छौराही बेगूसराय।** छौराही पुलिस द्वारा दो कट्टा जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार किया गया है। 112 नंबर वहां शस्त्र बल मिलने से अपराधी पर ताबड़तोड़ पुलिस नकेल कस रही है। जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर वार्ड संख्या तीन निवासी स्वर्गीय छठु महतो का पुत्र जय जय राम महतो उर्फ जयराम महतो को गुप्त सूचना के आधार पर शाहपुर चिमनी के निकट दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बछवाड़ा ( बेगूसराय )।** थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत के फतेहा गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि फतेहा गांव निवासी छठठू सहनी के पुत्र महेंद्र सहनी को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में बिहार शराबबंदी व मध निषेध अधिनियम उल्लंघन का मामला दर्ज है । उन्होंने बताया कि न्यायालय से फरार रहने के कारण उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

### कुशवाहा को जो अपना प्रत्याशी बनायेगा कुशवाहा समाज उसी का देगा साथ

**चाणक्य भूमि बेतिया।** सोमवार को बेतिया, मोतिहारी, वाल्मीकि नगर, गोपालगंज सिवान आदि जिलों से कुशवाहा समाज में अपनी पकड़ रखने वाले तथा कुशवाहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर समय क़दम से क़दम मिलाकर कर चलने वाले वरवत प्रसराईन के रहने वाले समाजसेवी गोपालजी प्रसाद कुशवाहा कि अध्यक्षता में इन जिलों के कुशवाहा समाज के जुड़े समाजसेवियों की एक बैठक की गई जिसमें गोपाल जी कुशवाहा ने कहा कि जब तक देश के सबसे ऊंचा सदन लोकसभा में हमारे समाज के प्रतिनिधि नहीं जायेंगे, तब हमारे समाज का उत्थान संभव नहीं है, भाजपा को छोड़कर लगभग सभी राजनीतिक दलों ने हमारे समाज से जुड़े लोगों को अपने पार्टी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है उनकी यह सोच काबिले तारीफ है लेकिन भाजपा पार्टी ने बिहार में 17 प्रत्याशियों में एक भी कुशवाहा समाज से जुड़े व्यक्ति को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है जों एक चिंतनीय विषय है और अब हमें सोचना है कि ऐसी हालत में हम क्यों ऐसे दल का समर्थन करे उन्होंने आवाहन किया जिस भी राजनीतिक पार्टी में हमारे समाज के लोगों अपना उम्मीदवार बनाया है ऐसे दल कों मदद करने पर तनिक भी संकोच, हमारे समाज को नहीं करना चाहिए और जहां भी हमारे समाज से जुड़े व्यक्ति उम्मीदवार बने उनकि जित सुनिश्चित करने के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका पूरी मजबूती से निभाना होगा जों हमारी एकता का परिचय दायक होगा क्योंकि आबादी के अनुसार सबसे उचचे सदन में हमारी भागीदारी सुनिश्चित करेगा मौके पर राजन सिंह,पारस प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, इकबाल सिंह,जगबहादुर परसाद,हिरा कुशवाहा,सजय सिंह, पूर्व मुखिया मनोज प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, दिनेश प्रसाद, नारायण सिंह, नयन सिंह, सुरेश कुशवाहा आदि ने अपने अपने विचार रखे तथा इस पर अपनी सहमति जताई।

## भीषण अग्निकांड में सैकडों बीघे फसल जलकर हुई राख

# खरमास आते ही आग ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया

चाणक्य भूमि। बेगुसराय







नीमाचांदपुरा थाना क्षेत्र के रामानंदनगर गांव और कुशमहौत बहियार के बीच गौशाला के समीप सोमवार की दोपहर भीषण अग्निकांड में सैकडों बीघे खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। इस घटना को लेकर वहां मौजूद पीड़ित किसान खुद को आग में कूद कर जिंदा जलने को विवश दिखे ,तो कोई छाती पीट -पीट कर आत्महत्या करने को आतुर दिख रहे थे। वहीं आसपास के जमा हुए लोग मूकदर्शक बन जलते फसल को टुकुर -टुकुर देखते रहे। आग की लपटें इतनी तेज थी, कि किसी की हिम्मत नहीं की जलती फसल को किस किस तरह बचाया जा सके ? किसी की कुछ भी नहीं चल सकी। घटना को लेकर किसान और ग्रामीण अग्निशमन विभाग की ओर से दमकल आने की राह देख रहे थे । दमकल नहीं आने पर जिला प्रशासन पर गुस्से का इजहार कर रहे थे। हालांकि राज्यसभा सांसद, बीडीओ बेगूसराय और नगर विधायक को भी सूचना देने पर अग्निशमन विभाग की ओर से मात्र एक दमकल पहुंचा। जो ऊंट के मुंह में जीरा का फोरन साबित हुआ।

दूसरी तरफ एक पत्रकार के द्वारा जब बेगूसराय बीडीओ को किसान और ग्रामीणों की गुस्सा के बारे में बताया गया तो बीडीओ ने कहा कि इस समय आग लगने से जिला प्रशासन क्या कर सकता है। जो फसल जल रहा है, उसे जलने दीजिए। हम कुछ नहीं कर सकते।खरमास का समय है किसानों को खुद सजग रहना होगा? सतर्कता गई दुर्घटना हुई। किसानों के तो मुंह का लीवाला चला गया। अब उन्हें रोने के सिवा कोई सहारा नहीं? अब सरकार इस पर जो भी चिंता करें? वही सिमरिया घाट बिंद टोली वार्ड नंबर 15 में भी आग लगने की सूचना मिल रही है। जबकि सिमरिया( दिनकर ग्राम) स्टेशन के पीछे गेहूं के खेत में भी भयंकर आग लगने की सूचना मिल रही है।

### रक्तदान के प्रति जागरूक करने वाले बरौनी कालेज के दो छात्र सम्मानित



चाणक्य भूमि। बरौनी बेगूसराय

एपीएसएम कालेज बरौनी में दो छात्रों को प्राचार्य डा मुकेश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया।रेड रिबन क्लब, पटना के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता और रक्तदान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से वर्ष, 2023 के सितंबर महीने में पटना में आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता हुई।इसमें बेगूसराय जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई के स्वयंसेवकों और छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें अंतिम रूप से सोनू निगम और राजेन्द्र कुमार को चयनित किया गया था। बरौनी महाविद्यालय के ही दोनों छात्र रहे हैं। रेड रिबन क्लब, पटना द्वारा प्रोत्साहन के लिए उपलब्ध कराये गये प्रतियोगिता दर्पण की प्रतियों और पुस्तकों को सोनू निगम और राजेन्द्र कुमार भेंट किया गया। अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय, बरौनी के प्रधानाचार्य प्रो मुकेश कुमार और प्रो रामागर प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध करा दिया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने छात्रों को निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत करने की सीख दी। साथ ही प्रतियोगिता दर्पण की पुस्तकों का अधिकतम उपयोग और ज्ञानार्जन की बात कही।मौके पर प्रोफेसर रामागर प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारी ,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय, बरौनी, ने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी जताई और छात्रों के प्रोत्साहन के लिए रेड रिबन क्लब को धन्यवाद दिया।

### मैट्रिक परीक्षा में 'ग्लोबल कैम्पस' बनवारीपुर के छात्रों ने लहराया परचम कंगन राज 467 अंक लाकर बनी प्रखंड टॉपर

चाणक्य भूमि। भगवानपुर (बेगूसराय)



बिहार बोर्ड की 10वीं परीक्षा का रिजल्ट रविवार को प्रकाशित होते ही छात्रों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनवारीपुर स्थित 'ग्लोबल कैम्पस' कोचिंग की छात्रा कंगन राज पिता अजय कुमार (मानोपुर) ने 467 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं समस्त जिलेवासियों को गौरवान्वित किया है। वहीं कोचिंग के अन्य छात्र-छात्राओं अंकित कुमार (मोख्तियारपुर) 447, रौशन कुमार (लखनपुर) 439, अंकित राज (विशनपुर) 431, अभिनव कुमार (429), अमृत कुमार (मुबारकपुर) 425, आयुषी कुमारी (मननपुर) 424, शिवानी कुमारी (महेशपुर) 409, अमन कुमार (बनवारीपुर) 402, अनामिका कुमारी (मोख्तियारपुर) 397 अंक लाकर सफलता का परचम लहराया। इस मौके पर कोचिंग के निदेशक अमिताभ जी ने कोचिंग परिवार की ओर से सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि हमारे संस्थान से बोर्ड परीक्षा में शामिल कुल 73 बच्चों में 58 बच्चें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। हम आगे भी बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में अथक प्रयास करते रहेंगे।

## लोकसभा चुनाव हेतु बनाये गए सभी कोषांग के पदाधिकारी के साथ कि बैठक





चाणक्य भूमि। बेगुसराय

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री रोशन कुशवाहा द्वारा आज दिनांक 01.04.2024 को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में लोक सभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी को लेकर जिला में बनाये गये सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों / वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न की गयी।इस बैठक में अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एडीएम पीजीआरओ, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता के साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद थे।इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की गयी। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मानव बल संबंधित सभी आकलन कर ली गयी है, आवश्यकता अनुसार सभी लोगों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। सेक्टर पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। कर्मियों को ईभीएम संबंधित ट्रेनिंग अगले कुछ दिनों में दी जायेगी।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के द्वारा सभी ARO को नोडल बूथ, Pwd संचालित बूथ एवं महिला संचालित बूथों को चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। EVM संबंधित टीम तैयार कर लेने का सभी ARO को निदेश दिया गया। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी की समीक्षा के दौरान रूटचाट अनुसार बस एवं छोटी गाड़ियों का आकलन, डिसपेच सेन्टर पर वाहनों की उपलब्धता संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेश दिया गया।Computer Applications एवं निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विभिन्न Applications यथा cvigil app एवं सुविधा app को मॉनिटरिंग करने हेतु IT Manager को निदेश दिया गया। सभी ARO को Low VTR वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने हेतु निदेश दिया गया। नाम निर्देशांक कोषांग को भी नामांकन संबंधी विभिन्न पारूप तैयार करने हेतु निदेश दिया गया।

## HDFC बैंक लूट कांड का उदभेदन हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार





चाणक्य भूमि। बेगूसराय

बेगूसराय नगर थानान्तर्गत हरहर महादेव चौक के पास HDFC बैंक में हुई लूटकांड का किया गया उद्भेदन। 03 अपराधी गिरफ्तार। 03 देशी पिस्तौल, 06 जिन्दा कारतूस, 01 मोबाईल एवं 01 लाख रूपया कैश जप्त । घटना का विवरण :- दिनांक 21.03.24 को समय करीब 11:00 बजे दिन में नगर थानान्तर्गत हरहर महादेव चौक के पास HDFC बैंक में लगभग 05 की संख्या में अज्ञात अपराधियों के द्वारा हथियार के बल पर लगभग 16 लाख रूपये की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके संबंध में नगर थाना कांड सं0-176/24 दिनांक 21.03.24 धारा-395 भा०द०वि० के अन्तर्गत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रांरभ किया गया।घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के निर्देशन में घटना के उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु SDPO सदर-01, SDPO सदर-02 एवं DySP Cyber के नेतृत्व में 03 टीमों का गठन किया गया था।गठित पुलिस टीम के द्वारा लगातार सूचना/आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए लूट की घटना में संलिप्त 03 अपराधकर्मियों (01) नीतिश कुमार उर्फ मंत्री उर्फ एलेक्जेंडर (02.) रविरंजन सिंह उर्फ रम्मी उर्फ बादशाह उर्फ निशांत सिंह एवं (03.) सन्नी कुमार उर्फ आशुतोष को भगवानपुर थानान्तर्गत मणिलाल के आम के बगीचा से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया तथा तलाशी में 03 देशी पिस्तौल, 06 जिन्दा कारतूस, 01 डोगंल, 01 लाख रूपया कैश, 01 मोबाईल एवं 01 मोटरसाईकिल को विधिवत जप्त किया गया। तीनों गिरफ्तार अपराधी अन्तर्राज्यीय बैंक लूटेरा हैं। पकड़ाये अभियुक्तों के द्वारा HDFC बैंक में हुई लूटकांड में अपनी-अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही हैं। एसपी मनीष कुमार ने उक्त बातें कीजानकारी दी

### न्यायालय में कर्मी काली पट्टी लगाकर कार्य किये



चाणक्य भूमि। बखरी, बेगूसराय

बखरी व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी अपने चार सूत्री मांगों के समर्थन में सोमवार से काली पट्टी लगाकर कार्य करते देखे गए। जानकारी देते हुए पेशकार शशांक चौधरी ने बताया कि हमारी चार सूत्री मांग सरकार से है। हम सभी अपने मांग पत्र में वेतन विसंगति, प्रोन्नति, अनुकंपा एवं राज्य संवर्ग में करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अनावश्यक विलंव को दूर करने की बात कही है, अगर मांग पत्र पर विचार नहीं किया जाता है तो भेदभावपूर्ण रवैया के विरोध में अगामी 1 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर्मचारीगण करेंगे। मौके पर पेशकार गौतम भारद्वाज, मुकुंद मिश्र, लिपिक नयन कुमार, मुन्ना मिश्र, दिलीप राम, कुणाल कुमार आदि काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज करते हुए न्यायालय का कार्य संपादित किये।

### भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी चंदा में 60 अरब रिश्वत खोरी की जांच हो- शत्रुघ्न

चाणक्य भूमि। बेगुसराय

बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र 24 के महागठबंधन के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बैठक कार्यानंद भवन में राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई इसमें चुनाव समिति का गठन किया गया उसे संयोजक शत्रुघ्न प्रसाद से पूर्व सांसद चुने गए उस समिति में शहेपुर कमाल के राजद विधायक सतानंद उर्फ ललन यादव चेरिया बरियारपुर के राजद विधायक राजवंशी महतो,राम रतन सिंह विधायक, सूर्यकांत पासवान विधायक एवं राजद के जिला अध्यक्ष मोहित यादव, प्रोफेसर अशोक यादव प्रदेश, महासचिव त्रिभुवन सिंह किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बुटन शाह,सुमन पासवान,रूपेश शाह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश झा, दिवाकर सिंह, शिवदयाल रामविलास सिंह कांग्रेस, उषा सहनी, राजेंद्र प्रसाद सिंह, चंद्रदेव वर्मा राजेंद्र चौधरी अनिल कुमार अंजान प्रहलाद सिंह टुनटुन दास बैठक में उपस्थित थे सर्वसम्मति से पूरे लोकसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र पंचायत, आंचल, अनुमंडल विधानसभा में जीबी संयुक्त बैठक होगी ! जिसमें गठबंधन के प्रतिनिधि शामिल होंगे बैठक मे बेगूसराय को प्रदूषण मुक्त करने एवं ठेका मजदूरों का स्थाईकरण,स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार,मजदूरों का पलायन रोकने एवं दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की गई और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी चंदा में 60 अरब की रिश्वतखोरी की जांच कराई जाए।

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में आग से भारी नुकसान





चाणक्य भूमि।

गर्मी की शुरुआत हुई नहीं की वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया । सोमवार को वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में दोपहर को करीब आधा दर्जन जगहों पर भीषण आग लग गई इस आग की वजह से करीब 50 हैक्टेयर जंगल जलकर राख हो गया। कर्मियों आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। मदनपुर वनक्षेत्र अधिकारी ब्रजेंद्र कुमार ने बताया कि तेज हवा के कारण मदनपुर वनक्षेत्र के करीब आधा दर्जन जगहों पर आग लगी थी। आग बुझाने के लिए तैनात फायर वाचरों, वनकर्मियों की टीम को भेज गया, लेकिन आग की लपटें अधिक थी। इसके कारण आग पर काबू पाने मे वनकर्मियों को काफी परेशानी हुई।फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इसके अलावा फायर वाचरों की संख्या बढ़ाने के लिए वरूय अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

# चंपारण शतरंज अकादमी द्वारा अंडर 17 प्रतियोगिता संपन्न

**• प्रतियोगिता के विजेता स्वरित राज उपविजेता शिवांश बरनवाल और दूसरा उपविजेता वारीजा जायसवाल बने**

चाणक्य भूमि बेतिया




चंपारण शतरंज अकैडमी के द्वारा आयोजित चौथी चंपारण शतरंज अंडर 17 ओपन शतरंज प्रतियोगिता अकादमी के प्रांगण कोतवाली चौक बेतिया में रविवार को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता की शुरुआत न. ए. इंटरनेशनल स्कूल चनपटिया के निर्देशक श्रीं पंकज कुमार दुबे और अंडर -15 विजेता वारीजा जायसवाल और शिवांश बरनवाल द्वारा शतरंज का चाल चलकर शुरू किया। अंतिम चक्र समाप्ति के बाद टॉप 10 रैंकिंग। स्वरित राज ,शिवांश बरनवाल , वारीजा जायसवाल , बगीशा जायसवाल आदि ने अपनी जगह बनायी। पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि तस्नीम अहमद जी, चंपारण शतरंज अकादमी के संस्थापक शाहिद हुसैन और आशीष कुमार जी के द्वारा सभी खिलाडियों को ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिला चैंपियनशिप और राज चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि शतरंज खेलने से मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है और स्कूली शिक्षा में अच्छा नंबर आता हैं इसीलिए सभी बच्चों को को शतरंज सीखना और खेलना चाहिए ।

# डुमरिया घाट पुल के स्थाई नाका का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्र के द्वारा पूर्वी चंपारण-गोपालगंज जिला सीमा पर डुमरिया घाट पुल के पास पूर्वी चंपारण जिला क्षेत्र में बनाए जा रहे स्थाई नाका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय स्थानीय (खजुरिया) थाना प्रभारी भी उपस्थित थे। आसन्न लोकसभा निर्वाचन को स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने में सीमावर्ती क्षेत्र में बनाए गए नाकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसको लेकर आज यह निरीक्षण किया गया। थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि यहां पुलिस बल प्रतिनियुक्त है जो सभी तरह के वाहनों पर नजर रख रही है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि यहां 24 घंटे शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई जाए। जांच में कोई शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थाई रूप से बनाए जा रहे नाका भवन को भी शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया।

# डोजर की ठोकर से साईकल चालक घायल,बेतिया रेफर

चाण्क्य भूमि(जापान साह)


घायल सुरेश साह ,जवकटिया

**नानोसती**।सोमबार की संध्या अहवर शेख स्थित पासवान चौक पर डोजर की ठोकर से जवकटिया नईडीह के सुरेश साह (47)वर्ष बुरी तरह घायल हो गये।जिन्हें राहगीरों ने स्थानीय क्लीनिक में भर्ती किया।यहां चिकिस्को ने प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया भेजा।यहां इनकी हालात गंभीर है।घटना के बाद डोजर चालक फरार हो गया।ग्रामीणों ने डोजर को जब्त कर पुलिस के हवाले किया।बताया गया है सुरेश साह पासवान चौक पर खरीददारी करने आये थे।मार्केटिंग कर सायकिल से वापसलौट रहे थे तभी तेज रफ्तार डोजर ने धक्का मार दी

# चनपटिया में आग से पंद्रह घर जले लाखो की सम्पत्ति स्वाहा

चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार को चनपटिया प्रखंड स्थित बेतिया डीह पंचायत के बीन टोली में आग लगने पंद्रह घर जल गए साथ ही आग से लाखों की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंचीं अग्निशमन की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। घटना दोपहर की है जब बिन टोली गांव में चिंगारी से एक घर मे आग लग गई और देखते ही देखते 15 घर जल कर स्वाहा हो गये। इस अग्निकांड से ग्रामीणों की लाखों की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया



# बखरिया में हुई अगलगी 03 घर जलकर नष्ट



बेतिया(कनकलता)

**बेतिया**।मझौलिया प्रखंड अंतर्गत बखरिया पंचायत के वार्ड नम्बर 7 स्थित कुर्मी टोला में हुई अगलगी में 03 घर जलकर नष्टहो गया। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई । खबर के मुताबिक अगलगी कि इस घटना में भुनेश्वर दास , लक्ष्मण दास एवं रकटु दास का झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया । बताया जाता है कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि अनाज, कपड़ा , बर्तन , गहना , फर्नीचर समेत घरेलू सामग्री आग की भेंट चढ़ गई । ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया । घटना की सूचना पंचायत की मुखिया कमलपति देवी ने अंचलाधिकारी राजीव रंजन को दी ।उन्होंने राजस्व कर्मचारि साहेब कुमार को घटनास्थल पर भेजा । न्होंने घटना का जायजा लेते हुए पीड़ित परिवारों के बीच पोलोथिन आदि राहत सामग्री का वितरण किया का वितरण किया ।

# यूटूबर मनीष कश्यप ने मझौलिया में लोगों से मांगा आशीर्वाद



**▪ भृष्टाचार के विरुद्ध चुनाव लड़ने का फूंका बिगुल**

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।यूटूबर मनीष कश्यप बेतिया संसदीय क्षेत्र से लोक सभा का चुनाव निर्दलीय लड़ेंगे।इस आशय की घोषणा उन्होंने मझौलिया में सोमबार को जनसम्पर्क किया।उन्होंने कहा कि बेतिया चम्पारण की सत्याग्रह भूमि है।यही से भ्र्ष्टाचार के खिलाफ शंखनाद होगा।यह निर्णय उन्होंने जनता की मांग पर लिया है।उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र में चुनाव लड़ने का अधिकार हर बालिग को है।उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भृष्टाचार के खिलाफ है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि बेतिया

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक दीप ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि चनपटिया थाना अन्तर्गत लौरिया कैथवलिया मुख्य मार्ग मुख्य मार्ग पर 17 दिसम्बर को ओवरटेक करके ड्राईवर से ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित लूट लिया गया था। इस संबंध में ट्रैक्टर के मालिक जयप्रकाश राय ने चनपटिया थाना में कांड दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष चनपटिया थाना को गुप्त सूचना मिली कि उक्त कांड के अप्रा०अभि० आनंत उर्फ आनंद पासवान को छोटका बरवत परसाईन में देखा गया है। उक्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये थाना से टीम गठित कर मुफ्फसिल थाना से सहयोग से छोटका बरवत परसाईन से आनंत उर्फ आनंद पासवान को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में पु०नि० सम्राट सिंह, थानाध्यक्ष, पु०अ०नि० शशिकान्त दुबे, पु०अ०नि० दुर्गेश कुमार, मुफ्फसिल थाना सहित रिजर्व बल, चनपटिया थाना शामिल थे।

# बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट की गाडियाँ बेचने वाले शो रूम पर होगी कार्रवाई

**वाहन शो रुम के बाहर बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) की गाड़ियां निकली तो संबंधित वाहन मालिक के साथ डीलर पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत वाहन कंपनी के डीलर से जुर्माना और रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की भी कार्रवाई की जा सकती है**

चाणक्यभूमि बेतिया

इस संबंध में परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को कानून-व्यवस्था का पालन के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। वाहन पर नंबर नहीं लगे होने की वजह से सड़क दुर्घटना, चोरी या अन्य घटना होने पर वाहन मालिक का सही से पता नहीं लग पाता है। शो रुम से बिना नंबर की गाड़ी की वजह से आए दिन अपराधी चोरी और अन्य अपराध की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। सड़कों पर बिना नम्बर की चलने वाली गाड़ियों पर प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा और इस दौरान बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा एवं वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना लगे वाहन को बेचने वाले डीलर के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं एमवीआई को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही डीटीओ और एमवीआई को यह सुनिश्चित कराने को कहा है कि किसी भी परिस्थिति में बिना नंबर की गाड़ियां शो रुम से बाहर सड़क पर नहीं निकले। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ डीलरों द्वारा बिना निबंधन और बिना नंबर प्लेट लगाए वाहन की डिलीवरी दी जा रही है। ऐसा किया जाना मोटरवाहन अधिनियम का उल्लंघन है। वाहन का निबंधन और एचएसआरपी प्लेट लगाने के बाद ही डीलर वाहन की डिलीवरी दें। इस संबंध में प्रावधान स्पष्ट है की वाहन विक्रेता अर्थात डीलर के द्वारा ही वाहन की डिलीवरी के समय एचएसआरपी एवं नंबर प्लेट सहित वाहन की सप्लाई खरीदार को की जाए। परिवहन सचिव ने लोगों से भी अपील की है कि बिना नंबर प्लेट लगे गाड़ी की डिलीवरी ना लें अन्यथा वाहन जब्त किया जा सकता है। आपको बता दें कि मोटर अधिनियम 2019 की धारा 41 की उपधारा 6 में प्रावधान है कि जिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया गया है तो डीलर वह वाहन स्वामी को तब तक नहीं दे सकता है, जब तक उस पर हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट और नंबर नहीं हो। ऐसा नहीं होने पर डीलर पर 192 बी के तहत जुर्माना लगेगा। वहीं धारा 192 के तहत वाहन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी।





























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714